हिन्दी दैनिक

RNI-BIHHIN/2012/43368

# नवशक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti news paper patna

वर्ष : 13, अंक : 294 | पटना, मंगलवार, 17 दिसम्बर, 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य : दो रुपये

# कुर्सी बचाने के लिए कानून में संशोधन करना ही कांग्रेस का चेहरा: निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली** । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संविधान के 75 साल पूरे होने पर राज्यसभा में चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि भारत का संविधान समय की कसौटी पर खरा उतरा है। वित्त मंत्री ने संविधान की 75 साल की यात्रा को उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि संविधान में समय समय पर संशोधन हुए, संविधान ने संकट का दौर भी देखा। वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में कहा कि कांग्रेस परिवार और वंशवाद की मदद के लिए संविधान में संशोधन करती रही। सीतारमण ने राज्यसभा में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने संविधाान में जो संशोधन किए वह लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नहीं बल्कि सत्ता में बैठे लोगों की रक्षा के लिए थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में संविधान पर बहस के दौरान कहा, कांग्रेस एक परिवार, एक वंश की मदद के लिए बेशर्मी से संविधान में संशोधन करती रही। इस देश के पहले प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की प्रेस जांच की निंदा की, जबकि उन्होंने सार्वजनिक रूप से प्रेस की स्वतंत्रता की प्रशंसा की। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला




सीतारमण ने कहा कि मजरूह सुल्तानपुरी और बलराज साहनी दोनों को 1949 में जेल में डाल दिया गया था।

1949 में मिल मजदूरों के लिए आयोजित एक बैठक के दौरान मजरूह सुल्तानपुरी ने एक कविता पढ़ी जो जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ लिखी गई थी और इसलिए उन्हें जेल जाना पड़ा। उन्होंने इसके लिए माफी मांगने से इनकार कर दिया और उन्हें जेल में डाल दिया गया।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने का कांग्रेस का रिकॉर्ड इन दो लोगों तक ही सीमित नहीं है।

1975 में माइकल एडवड्र्स द्वारा लिखी गई एक राजनीतिक जीवनी ₹नेहरू₹ पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। उन्होंने किस्सा कुर्सी का नामक फिल्म पर भी सिर्फ इसलिए प्रतिबंध लगा दिया क्योंकि इसमें प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके बेटे पर सवाल उठाया गया था।

# बिहार में एनडीए की सरकार ही बनेगी: उपेन्द्र कुशवाहा

**बांका**। बांका सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा की प्रेस वार्ता। बांका, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद उपेंद्र कुशवाहा की आठवें व अन्तिम चरण की बिहार यात्रा आज बांका पहुंची। और बांका में ही बिहार यात्रा का समापन भी हुआ। बिहार यात्रा बांका पहुंचते ही कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया । सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने परिसदन ( अतिथि शाला ) में पहुंचकर एक प्रेस वार्ता की तथा पत्रकार के द्वारा पूछे जाने पर उसने जबाब भी दिया।सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने कहा की बिहार यात्रा में लोगों का हमारे प्रति ऐसी आस्था जगी है जो मैं सोच भी नहीं सकते थे। यात्रा में



हमने देखा कि बिहार में एनडीए के प्रति लोगों का भरोसा, विश्वास काफी जगा है। और मैं दाबे के साथ कह सकता हूं कि 2025 ई.बिहार में एनडीए की सरकार ही बनेगी। सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने बिहार यात्रा की शुरूआत 25 सितंबर अरवल जिला के कुर्था से की थी।कुर्था वही स्थान है जहां शहीद जगदेव सिंह जी की हत्या हुई थी। सांसद उपेंद्र कुशवाहा कहा कि बिहार यात्रा का पहला उद्देश्य था एनडीए के प्रति लोगों की भरोसा जानना तथा राष्ट्रीय लोक क्षमता पार्टी की सदस्यता को बढ़ाना।



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने आज उज्जैन (मध्य प्रदेश) स्थित बाबा महाकाल के दरबार में विशेष पूजा-अर्चना कर समस्त झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति एवं खुशहाली की मंगल कामना की।

# विपक्षी सांसदों का आरोप, देश में आपातकाल जैसी स्थिति, सरकार कर रही देश के संघीय ढांचे पर हमला

**नई दिल्ली** । राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने सोमवार को सरकार पर संघीय ढांचे पर हमला करने और संवैधानिक निकायों को कमजोर करने का आरोप लगाया। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि देश में आपातकाल जैसी स्थिति मौजूद है। बीजू जनता दल (बीजद) के देबाशीष सामंतराय ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को सरकार के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। बता दें कि बीजद न तो सत्तारूढ़ एनडीए का हिस्सा है और न ही विपक्ष के साथ हैं। सरकार पर निशाना साधते हुए बीजद के देबाशीष सामंतराय ने कहा, संवैधानिक संस्थाओं को अब सरकार के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा है। कोई भी बिना कारण बताए सलाखों के पीछे जा सकता है। हम आपातकाल की बात करते हैं, लेकिन भारत में अघोषित आपातकाल है। संविधान कहीं न कहीं पटरी से उतर गया है। हममें से कोई भी इसे संबोधित करने को तैयार नहीं है।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद साकेत गोखेल ने आरोप लगाया कि एनडीए सरकार के तहत लोगों को न्याय से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने सरकार



पर संविधान को नष्ट करने का आरोप लगाया। टीएमसी सांसद ने कहा, अन्याय मोदी सरकार की पहचान रही है। पीएम मोदी बंगाल में 21 लाख मनरेगा श्रमिकों को न्याय देने के अपने रिकॉर्ड का बचाव कैसे करेंगे? उन्होंने काम तो किया, लेकिन उन्हें तीन साल से भुगतान नहीं किया गया। इसका कारण यह है कि मोदी सरकार ने बंगाल का बकाया रोक लिया है, क्योंकि उनकी पार्टी यहां चुनाव हार गई है।

उन्होंने कहा, बिलकिस बानो के दुष्कर्मियों को इस सरकार ने रिहा कर दिया। उमर खालिद, खालिद सैफी जैसे कई सरकार के खिलाफ बोलने के लिए जेल में हैं। दिल्ली सीमा के बाहर 750 किसानों की मौत हो गई।

मुझे इस सरकार के तहत न्याय का अनुभव करने का व्यक्तिगत सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मुझे 155 दिनों तक गुजरात की जेल में बंद रखा गया।₹ इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि अल्पसंख्यकों का हर दिन अत्याचार हो रहा है।




कॉलेज ऑफ कॉमर्स के छात्रा शिल्पी एकाउंट में पीजी के लिए उन्हें दीक्षांत समारोह श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में प्रशस्त पत्र प्राप्त करते हुए।

# चिराग पासवान ने भारतीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थिति पर चर्चा की




**दिल्ली**। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में FLAVOURS OF INDIA कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान चिराग पासवान ने खाद्य उद्योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उद्योगपतियों को सम्मानित किया।साथ ही भारतीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में मौजूद चुनौतियों और अवसरों पर चचाएं की। उन्होंने नवाचार, स्थिरता और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज ,देश के वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा ,भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला , प्रसिद्ध गायक जसबीर जस्सी व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।




सहरसा में आयोजित कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव।

# मुख्यमंत्री के दूरगामी सोच का परिणाम है कुशल युवा कार्यक्रम : मंत्री श्रवण कुमार

- **कौशल प्रशिक्षण के साथ मुख्यमंत्री के प्रयासों का भी करें प्रसार : मंत्री महेश्वर हजारी**
- **युवाओं में इन्वेस्ट करना रहा है मुख्यमंत्री का विजन : मनीष वर्मा**
- **कुशल युवा कार्यक्रम के 8वें वर्षगांठ कार्यक्रम का पटना में हुआ आयोजन**

**पटना**। दिनांक 16 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री के सात निश्चय में से एक आर्थिक हल, युवाओं को बल और सात निश्चय पार्ट टू के तहत श्रम संसाधन विभाग, बिहार के अंतर्गत बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित कुशल युवा कार्यक्रम के 8वें वर्षगांठ पर कुशल युवा सम्मेलन 2024 का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ बिहार सरकार के माननीय मंत्री श्रवण कुमार, माननीय मंत्री महेश्वर हजारी, विधान पर्षद श्री भगवान सिंह कुशवाहा और जदयू महासचिव मनीष वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उक्त अवसर पर केवाईपी सेंटर ऑनर्स एसोसिएशन के संरक्षक प्रभात कुमार सिन्हा, अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह और उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी मौजूद रहे।

उक्त अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि युवा शक्ति को समृद्ध किये बिना किसी भी प्रदेश का विकास संभव नहीं है। इसलिए यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरगामी सोच का परिणाम है युवा कुशल कार्यक्रम। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के विजन के अनुसार अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास है, इसके लिए गुणवत्तापूर्ण और सही दिशा में प्रशिक्षण मिले, ये सुनिश्चित किया जाना जरुरी है। मंत्री महेश्वर हजारी ने कार्यक्रम में मौजूद केवाईपी सेंटर के ऑनर्स से कौशल प्रशिक्षण के साथ झ साथ मुख्यमंत्री की कार्यशैली को दूर झ दूर तक पहुँचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बालू और पानी होने के बाद भी माननीय मुख्यमंत्री ने अपने कुशल नेतृत्व में बिहार में बदलाव लाने का काम किया है और बिहार को



आत्मनिर्भर बनाया है।

कार्यक्रम में विधान पर्षद श्रीभगवान सिंह कुशवाहा ने भी केवाईपी सेंटर ऑनर्स को संबोधित किया और कहा कि बिहार की तरक्की नीतीश कुमार के नेतृत्व से ही संभव हुई और उनके ही दूरदर्शिता का परिणाम है कि आज 20 लाख से अधिक युवाओं को इस कार्यक्रम से प्रशिक्षण मिल चुका है। उनके पहले बिहार में कप्यूटर एजुकेशन के बारे में सोचना भी बड़ी बात थी। जदयू के महासचिव मनीष वर्मा ने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम मुख्यमंत्री के दूरदर्शिता की वजह से संभव हुआ, क्योंकि उन्होंने बिहार को बनाने में युवाओं पर इन्वेस्ट करने को प्राथमिकता दी और आज इसका परिणाम सामने आ रहा है। मुख्यमंत्री का विजन बिहार के भविष्य में इन्वेस्ट करना रहा है। इसलिए सात निश्चय योजना के तहत युवाओं के लिए स्टूडेंट क्रेडिट योजना, स्वयं सहायता भत्ता और कुशल युवा कार्यक्रम की शुरूआत की गयी, जिसे आशातीत सफलता मिली। और इसका अनुसरण आज देश के दुसरे राज्यों ने भी किया। उन्होंने कहा कि आज स्किल को वर्तमान समय में डिमांड के अनुसार अपग्रेड करने की जरूरत है। उन्होंने कुशल युवा कार्यक्रम के साथ अक और चैट जीपीटी जैसे एडिशनल स्किल को जोड़ने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि नये युवाओं को प्रशिक्षण देने के साथ उससे गुणवता को बढाने का भी लक्ष्य केंद्र संचालक का होना चाहिए। इससे पूर्व केवाईपी सेंटर ऑनर्स एसोसिएशन के संरक्षक प्रभात कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम में शामिल हुए आंगतुकों का स्वागत किया, जबकि अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने उनका धन्यवाद ज्ञापन किया। इस दौरान केवाईपी सेंटर के ऑनर्स को कुशल युवा कार्यक्रम के प्रचार प्रसार और अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ दिलाने के लिए संकल्प भी दिलाया गया। उक्त अवसर पर सभी कौशल विकास केन्द्रों के संचालक और समन्वयक उपस्थित रहे।

# फुटपाथ दुकानदारों को उजाड़ने के मसले पर आयुक्त से मिला माले का शिष्टमंडल

## समाधान हो या बड़े आंदोलन का सामना करने के लिए सरकार रहे तैयार : महबूब आलम



**पटना।** फुटपाथ दुकानदारों को उजाड़ने के खिलाफ पटना प्रमंडल आयुक्त से आज भाकपा-माले के शिष्टमंडल ने मुलाकात की.

माले विधायक दल नेता महबूब आलम, केंद्रीय कमिटी सदस्य व पटना महानगर सचिव अभ्युदय, पुनीत पाठक व शहजादे आलम ने पटना आयुक्त मयंक वरवड़े को मांगों का ज्ञापन सौंपा. अतिक्रमण हटाने के नाम पर शहरी गरीबों पर इन दिनों लगातार जारी पुलिसिया जुल्म पर आपत्ति जताई गई और समुचित पहल की अपील की गई.

ज्ञातव्य है कि पटना स्मार्ट सिटी, मेट्रो परियोजना और शहर सौंदर्यीकरण के नाम पर पटना महानगर के सभी निगम अंचल क्षेत्रों से फुटपाथ दुकानदारों को बेदखल करने का अभियान जारी है. पटना का शायद ही कोई फुटपाथ बाजार ऐसा है जो इससे प्रभावित नहीं है. एक तरफ वेंडरों का सर्वजाएषण, वेंडर पहचान पत्र वितरण व ऋण देने का कार्यक्रम चलता है तो दूसरी तरफ रोज कहीं न कहीं बिना जब्ती सूची बनाए दुकानदारों के हजारों-लाखों की जमा पूंजी को तहस नहस कर दिया जाता है. पटना नगर निगम के पास न कोई समग्र वेंडिंग पॉलिसी है न ही कोई व्यवस्थित व सम्मानजनक वैकल्पिक व्यवस्था।प्रमंडल आयुक्त से वार्ता के बाद महबूब आलम ने बताया कि यह एक जरूरी मुलाकात थी जिसमें हमें सकारात्मक आश्वासन मिला है. हम उम्मीद करते हैं कि बहुत जल्द प्रशासन की ओर से शहरी गरीबों को उनके रोजी-रोटी व जीने के अधिकार के लिए सम्मानजनक अवसर देने की मांग पर निर्णायक पहल होगी. उन्होंने कहा कि प्रमंडल आयुक्त इस बाबत एक उच्च स्तरीय विस्तृत बैठक बुलाने वाले हैं. समाधान नहीं हुआ तो बड़े आंदोलन का सामना करने के लिए सरकार तैयार रहे. शिष्टमंडल के हवाले से पटना महानगर सचिव अभ्युदय ने कहा कि फुटपाथ दुकानदारों ने लंबे समय से चल रहे अपने चरणबद्ध आंदोलन के जरिए अपने जायज मांगों को विभिन्न स्तरों पर लगातार उठाया है पर पटना नगर निगम आयुक्त के आश्वासन के बावजूद निगम प्रशासन की ओर से कोई कदम तो नहीं ही उठाया गया, उल्टे दमन अभियान जारी रहा. उन्होंने कहा कि इन शहरी गरीबों की आजीविका रक्षा के लिए बने केंद्रीय व राज्य कानूनों का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन खुद सरकारी महकमा कर रहा है. न्याय के साथ विकास के डबल इंजन सरकार के नारे की पोल खुल गई है.

# सुमित्रा देवी के श्रद्धांजलि सभा मे कई दिग्गज शामिल

**पटना।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल के खगड़िया के नगर परिषद रोड स्थित आवास पर उनकी माता सुमित्रा देवी के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके तैल्य चित्र पर रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस, पूर्व सांसद चौधरी महबूब अली केसर पूर्व मंत्री रेणु कुशवाहा, पूर्व विधायक रणवीर यादव सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने श्रद्धांजलि देकर उनको नमन किया। इस मौके पर पूरे बिहा से सभी राजनीतिक दलों के नेता एवं कार्यकर्ता भी सम्मिलित हुये। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने कहा कि दिवंगत सुमित्रा देवी धर्म परायण महिला थीं। खगड़िया में सामाजिक जीवन में भी उनका उल्लेखनीय योगदान था। पूर्व सांसद राजद के



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी महबूब अली केसर ने कहा कि सुमित्रा देवी के सुपुत्र श्रवण अग्रवाल ने राजनीतिक जीवन में अपनी माता का नाम रोशन किया है ।हम दिवंगत आत्म को शांति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। पूर्व मंत्री रेनू कुशवाहा ने कहा कि दिवंगत सुमित्रा देवी के निधन से काफी दुख है। पूर्व विधायक रणवीर यादव ने कहा कि सुमित्रा देवी के निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। इस मौके पर रालोजपा के प्रदेश प्रधान महासचिव केशव सिंह, यशराज पासवान ,दलित सेना के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम कुमार दाहा, जिला अध्यक्ष वैशाली पारस नाथ गुप्ता,अशोक सिंह, बलवीर चांद यादव रालोजपा के जिला अध्यक्ष संजय यादव ,दलित सेना के जिला अध्यक्ष बालकृष्ण पासवान पूर्व नगर सभापति अनिल यादव अमित कुमार पप्पू सहित कई नेता एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

# चंद्रमणि प्रसाद सिंह मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट में वाईसीसी की शानदार जीत

**पटना।** बिहार क्रिकेट एकेडमी के ग्राउंड पर खेले जा रहे चंद्रमणि प्रसाद सिंह मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट टूनार्मेंट में सोमवार यानी 16 दिसंबर को खेले गए मुकाबले में वाईसीसी ने जेनेक्स क्रिकेट एकेडमी को पांच विकेट से हराया।



टॉस जेनेक्स क्रिकेट एकेडमी ने जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया। जेनेक्स क्रिकेट एकेडमी ने अगस्त्या के 50 रन की मदद से 23 ओवर में सभी विकेट खोकर 153 रन बनाये। वाईसीसी की ओर से मनोज सिन्हा, पवन यादव और नीतीन कुमार ने 3-3 विकेट चटकाये।

जवाब में वाईसीसी के नीतीन के 61 रन की पारी की बदौलत 22.1 ओवर में पांच विकेट पर 154 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। जेनेक्स क्रिकेट एकेडमी के विवेक ने 3 विकेट चटकाये। विजेता टीम की ओर से हरफनमौला खेल दिखाने वाले नीतीन को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

संक्षिप्त स्कोर जेनेक्स क्रिकेट एकेडमी : 23 ओवर में 153 रन पर ऑल आउट शहरयार नफीस 19, अगस्त्या 50, मनीष यादव 33,प्रियांशु यादव 11, अतिरिक्त 19, मनोज सिन्हा 3/18, नीतीन कुमार 3/23, पवन यादव 3/23

वाईसीसी : 22.1 ओवर में 5 विकेट पर 154 रन, नीतीन कुमार 61, तेजस्वी चौहान 20, अनुराग राणा 10, मोहित 29, चंदू नाबाद 23, शशि चंद्रवंशी 1/29, विवेक 3/27, मनीष यादव 1/9

# सेवादल कांग्रेस की रीढ़, इसकी मजबूती जरूरीः डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

**पटना।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के 101 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के द्वारा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रांतीय सम्मेलन में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह, अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक लालजी देसाई , अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सह प्रभारी शाहनवाज आलम एवं विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान विशेष रूप से मौजूद रहें। सेवा दल के प्रांतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस सेवादल के कार्यकताओं को पार्टी का आधार बताते हुए कहा कि सेवादल हमारे दल का आंख-कान हैं। कालांतर में पार्टी की मजबूती सेवादल।के कार्यकताओं का सेवा भाव ही निर्धारित करता था और देश के किसी भी आपदा के वक्त सेवादल के कार्यकर्ता पूरी मुस्तैदी से कार्य करते रहें हैं। उन्होंने कार्यकताओं को आगे बढ़कर दल के मजबूती के लिए कर्तव्यनिष्ठा और जिम्मेदारी का एहसास कराते हुए नेतृत्व करने की मांग की। साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि आप सब लोग बिहार विधानसभा चुनाव के लिए जी जान से जुट जाएं ताकि आने वाले समय में सेवादल पार्टी को और मजबूती प्रदान करें। सेवा दल को सेवा भाव से और मजबूत करने के लिए विभिन्न योजनाओं पर भी उन्होंने कार्य करने का और निरंतर सहयोग देने की बात कही। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक लालजी देसाई ने कहा कि



सेवादल अनुशासन और जिम्मेदारी का प्रतीक है। कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए सेवादल को मजबूत बनना होगा। सेवादल में कार्यकताओं को तैयार कर विचारक बनाया जाएगा जो गांव-गांव जाकर कांग्रेस और गांधीवादी विचारधारा से लोगों को अवगत कराएंगे। उन्होंने कार्यकताओं को जिले में मजबूती से कार्य करने पर जोर दिया। मुख्य संघटक लालजी देसाई ने कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड, सेवादल महिला मोर्चा, सेवादल सहित अन्य विभागों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को भी मतदान केंद्रों पर कार्य करने और बूथ तक मजबूती लाने के लिए निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों और संगठनों के पदाधिकारियों से कहा गया है कि मैदान में कार्य करते रहे और सभी कार्यकताओं में आपसी समन्वय स्थापित रहे। सभी कार्यकर्ता समन्वय बनाकर पार्टी के बेहतरी के लिए कार्य करें। साथ ही पदाधिकारियों से कांग्रेस संगठन के संविधान का पालन करते हुए कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने की आशा जाहिर की।सेवा दल विधानसभा स्तर पर नायक और बूथ स्तर पर प्रभारी नियुक्त करेगा ' आप सब लोग पार्टी के लिए कार्य करें और प्रदेश में सरकार बनाएं। सेवादल के प्रदेश और जिला पदाधिकारियों से कहा कि कमजोर मतदान केंद्रों का जिम्मा सेवादल कार्यकताओं को सौंपें। आप लोग मतदान केंद्रों पर मतदान संपन्न होने तक डटे रहें। कौन क्या कर रहा है, कहां गड़बड़ी हो रही या पार्टी की तैयारी में कमी है उसकी सूचना भी अवश्य दें। विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पिछले विधानसभा चुनाव में संगठन और कार्यकताओं के संघर्ष और मेहनत के कारण ही सफलता पाई थी। इसलिए सेवादल को और बेहतर तरीके से इस बार कार्य करना है जिससे सांगठनिक मजबूती दी जा सकें और सांप्रदायिक ताकतों को इस चुनाव में बिहार की सत्ता से दूर रखा जाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यावरण पर संकट पर बातचीत



**पटना।** पटना पुस्तक मेला में आज पर्यावरण पर संकट विषय पर बातचीत का आयोजन किया गया। पर्यावरण संकट पर अपनी बात रखते हुए डॉल्फिन मैन रवींद्र कुमार सिन्हा ने प्लास्टिक पोल्युशन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर अपनी बातें रखी। डा आर के सिन्हा ने कहा कि 1980 में हमारे देश में प्लास्टिक आया और अब हर आदमी के किडनी,लीवर, मां के दूध,जन्म लेनेवाले नवजात के प्लासेंटा में प्लास्टिक के कण मौजूद हैं जो शरीर पर बहुत खराब प्रभाव डालता है। राजीव कुमार ने पर्यावरण संकट पर बोलते हुए कहा कि आज पर्यावरण का संकट दुनिया का संकट है। देश की लगभग 40% आबादी गंगा नदी के किनारे रहती है। जहां फसलें लहराती थीं, वहाँ पर आज कंक्रीट के जंगल फैल गए हैं। गवर्नेंश जबतक नहीं सुधरेगा तबतक पर्यावरण नहीं सुधरेगा। बिहार में बिना किसी इंडस्ट्रीज के पोल्युशन लगातार बढ़ रहा है। सरकार अपने मजबूत इच्छाशक्ति से पर्यावरण को बचा सकती है। मेहता नागेन्द्र प्रसाद ने कहा धूप,हवा,पानी पर टिकी है जिंदगानी,इसे प्रदूषित करने की मत कर नादानी,अगर किये नादानी जीना मुश्किल होगा और बिना तड़पे मरना भी मुश्किल होगा।

### आरोग्य पथ पर बिहार-जन स्वास्थ्य का मंगल काल का विमोचन करेंगे राज्यपाल

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने एनडीए सरकार में स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धियों पर एक पुस्तक लिखी है। जिसका राज्यपाल कल यानी आगामी 17 दिसम्बर को विमोचन करने वाले हैं। किताब का शीर्षक ह्लआरोग्य पथ पर बिहार-जन स्वास्थ्य का मंगलह्व काल रखा गया है। बिहार की एनडीए सरकार के शासनकाल में स्वास्थ्य के क्षेत्र में मंगल काल रहा है। जिसे पुस्तक के माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री ने जनता के बीच लाने का प्रयास किया है।

श्री पांडेय ने कहा कि पुस्तक विमोचन विधानसभा विस्तारित भवन सभागार पटना में किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यपाल के साथ बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, अध्यक्ष, बिहार विधानसभा नंदकिशोर यादव, सभापति, बिहार विधान परिषद अवधेश नारायण सिंह, मंत्री विजय चौधरी, मंत्री बिहार सरकार एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा दिलीप जायसवाल, माननीय सांसद एवं जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, मंत्री बिहार सरकार श्रवण कुमार, मंत्री बिहार सरकार संतोष सुमन, प्रदेश अध्यक्ष जदयू उमेश कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष लोजपा राजू तिवारी, कंट्री हेड बी.एम.जी.एफ श्री हरि मेनन, विकास आयुक्त सह अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग प्रत्यय अमृत एवं अन्य उपस्थित रहेंगे। प्रदेश में राजद शासनकाल के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्था का जो हाल था। वो किसी से छुपा नहीं है। मगर जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी। उस समय से स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार हुआ। जिससे बिहार की जनता लाभान्वित हुई। उसी बदलाव की पृष्ठभूमि को शब्दों में ढालने की कोशिश की गई है।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल पटना ईस्ट में इंटर स्कूल खेल उत्सव का शानदार आगाज

**पटना।** स्थानीय दिल्ली पब्लिक स्कूल, पटना ईस्ट में तीन दिवसीय अंतर विद्यालय खेल उत्सव एक्सेलिसयर - 2024 का शानदार आगाज 16 दिसंबर यानी सोमवार को हुआ। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन अमित प्रकाश, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राकेश अल्फ्रेड, उप प्रधान अशफाक इकबाल एवं प्राथमिक वर्ग की डायरेक्टर सुश्री गीता. एस द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने अपने भाषण में खेल के महत्व को बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम-नृत्य, संगीत एवं छात्र-छात्राओं द्वारा परेड किया गया। निष्ठा पूर्वक खेल खेलने हेतु छात्र-छात्राओं ने शपथ ग्रहण किया। मुख्य अतिथि ने छात्र व



छात्राओं को संबोधित कर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में कुल 15 विद्यालयों के 568 बच्चे भाग लेने के लिए उपस्थित हुए। तीन दिवसीय इस अंतर विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में 16 से 18 दिसंबर तक विद्यालय प्रांगण में फुटबॉल, बास्केटबॉल वालीबॉल एवं एथलेटिक्स तथा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों में उत्कृष्ट शारीरिक व सामूहिक क्षमता को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया गया है। मशाल रिले, ज्योति प्रज्वलन एवं धन्यवाद ज्ञापन तथा राष्ट्रगान के साथ ही प्रथम दिवसीय उद्घाटन समारोह का समापन किया गया। खेलकूद के इस कार्यक्रम के द्वारा बच्चों में खेल भावना का विकास करना तथा परस्पर रोमांच, उत्साह और स्पर्धा के माध्यम से खेल कूद के महत्व को बताने का सार्थक प्रयास ही विद्यालय का लक्ष्य है। विभिन्न स्पधाओं के परिणामफुटबॉल : संत माइकल हाईस्कूल ने लिटेरा वैली स्कूल को 3-0 जबकि ट्रिनिटी ग्लोबल स्कूल ने त्रिभुवन स्कूल को 3-1 से हराया। कबड्डी : लिटेरा वैली ने लिटेरा पब्लिक स्कूल, त्रिभुवन स्कूल ने लिटेरा पब्लिक स्कूल, फतुहा और बिशप स्कॉट ने लीड्स एशियन स्कूल को पराजित किया। बॉस्केटबॉल बालक : सेंट माइकल ने त्रिभुवन को 26-4, ट्रिनिटी ग्लोबल स्कूल ने बी.डी पब्लिक स्कूल को 25-6 से हराया। बास्केटबॉल बालिका में संत माइकल हाईस्कूल ने ट्रिनिटी ग्लोबल स्कूल को 12-2 से मात दी।

# बिहार के पद्मश्री कलाकार पर बातचीत का आयोजन

**पटना।** पटना पुस्तक मेला में आज कला समीक्षक अशोक कुमार सिन्हा बिहार पद्म श्री कलाकार पुस्तक पर बातचीत का आयोजन किया गया. सिरामिक कलाकार ब्रह्मदेव राम पंडित और टिकुली कला के लिए अशोक कुमार विश्वास , कला समीक्षक अशोक कुमार सिन्हा से रंगकर्मी जयप्रकाश ने बातचीत की. सुप्रसिद्ध सिरामिक कलाकार ब्रह्मदेव राम पंडित ने कहा कि इस कला से अति साधारण लोग जुड़े हैं लेकिन इसमें इतनी ऊंचाई आयी है कि इसकी लोकप्रियता दुनिया में बढ़ी है।

टिकुली कला के प्रसिद्ध कलाकार अशोक कुमार विश्वास ने कहा कि टिकुली कला शीश से लकड़ी तक पहुँची। यह कला जापान सहित कई विविध श्रोतों से प्रभावित हुई है। इस पर राजस्थानी कला का भी गहरा प्रभाव है। इन्होंने बताया



कि हमने दुनिया के 17 देशों में टिकुली कला की प्रदर्शनी लगायी है एवं देश में लगभग दो सौ प्रदर्शनियां लगा चुके हैं। इसके विषय को दुनिया की मांग के अनुरूप भारतीय संस्कृति से जोड़कर ज्यादा विस्तृत करते हैं।

अशोक सिन्हा ने कहा कि मिथिला पेंटिंग में पुनः प्राकृतिक रंगों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। मिथिला पेंटिंग में सामुदायिक विभाजन की प्रवृति बहुत कम हुई है। इसमें रोजगार का भारी अवसर सृजित हुआ है। इसलिए मिथिला पेंटिंग में धर्मिक विषय के अतिरिक्त जीवन के दूसरे सन्दर्भ भी शामिल हुए हैं।

# पुस्तक पढ़ने की प्रवृत्ति बढ़े, डिजिटल दूरी जरुरीः डा निम्मी रानी



**पटना।** गांधी मैदान में चल रहे पटना पुस्तक मेला के पाटलिपुत्र मुक्ताकाश मंच पर आज प्रेरक कार्यक्रम में प्रसिद्ध नेत्ररोग विशेषज्ञ डा निम्मी रानी ने कहा हमारा युवा मायोपिक वोलकेनो पर बैठा है, डिजिटल दूरी बहुत जरुरी है। अन्यथा आंख का परदा और नस क्षतिग्रस्त होना तय है। युवाओं को प्रेरित करते हुए निम्मी रानी ने कहा कि जबतक जीवित हैं,सफल नहीं मानिये, खुद को बढ़ाने में निरंतर लगे रहना चाहिए। अपने सामर्थ्य को पहचानिये, आत्मविश्वास रखिये,सफलता जरुर मिलेगी।

प्रसिद्ध नी रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ निशिकांत ने कहा सफलता का कोई एक मंत्र नहीं है, सफलता की भूख, जुनून की जरुरत है। युवाओं को टैलेंट के साथ हंगर होना चाहिए। बिहार के युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ राजनीति में आना चाहिए। जाति की संकीर्णता से उपर उठें। निम्मी रानी ने राजनीति में महिलाओं की भागीदारी पर कहा कि जितनी अधिक संख्या में आगे आयेंगी, मेरिट के आधार पर आगे बढ़ाया जाना जरुरी है। वंशवाद से दूरी समाज की बेहतरी के सोच के साथ राजनीति में प्रवेश हो।

# वन नेशन, वन इलेक्शन का समर्थन करती है आसा पार्टी : डॉ प्रभात चंद्रा

**पटना।** आप सबकी आवाज (आसा) पार्टी के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता -सह- अध्यक्ष (कलम जीवी प्रकोष्ठ) डॉ० प्रभात चन्द्रा ने बताया कि वन नेशन, वन इलेक्शन का समर्थन करती है आसा पार्टी। उन्होंने बताया कि हमारे पार्टी अध्यक्ष आर सी पी सिंह का देश में 1967 तक वन नेशन, वन इलेक्शन था। उसके बाद लोकसभा और विधान सभा का चुनाव अलग अलग होने लगा है। इससे देश को नुकसान होता है। जब वन नेशन, वन इलेक्शन फिर से शुरू हो जायेगा तो इससे संसाधनों की बचत होगी। अभी का समय है कि पूरे वर्ष देश में कहीं न कहीं चुनाव होता रहता है और चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लागू रहता है, ऐसी स्थिति में विकास बाधित होता है। डॉ प्रभात चंद्रा ने कहा कि हमारी पार्टी नई पार्टी है लेकिन बहुत तेजी से अपने प्रकोष्ठ का गठन कर गांव कस्बे तक पहुंच रही है। दूसरी तरफ ऑन लाइन सदस्यों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पूर्वी चंपारण जिले के 28 प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है, जिसकी सूची जारी कर दिया गया है। जारी सूची के अनुसार, आदापुर से शुभम कुमार सिंह, बनकटवा से सुशांत सिंह, अरेराज से धर्मेन्द्र गिरी, बंजरिया से सोनु पाण्डेय, चकिया से मिथिलेश कुमार सिंह, छौड़ादानो से मकसूद अहमद, चिरैया से राहुल कुमार, ढाका से रमाशंकर यादव, घोड़ासन से कृष्णा यादव, हरसिद्धि से सुरेन्द्र कुमार सिंह, कल्याणपुर से अमृतेष कुमार, केसरिया से विकास कुमार, मधुबन से डॉ० राजेश पटेल, मेहसी से रितुराज, मोतिहारी से सूरज कुमार सोनी, पहाड़पुर से सुनील राम, पकड़ीदयाल से संतोष पटेल, पताही से अभिषेक कुमार यादव, पीपराकोठी से सोनु सिंह, फेनहारा से जलज गुप्ता, रामगढ़वा से तपशी



सिंह, संग्रामपुर से सोनु कुमार, सुगौली से धर्मेन्द्र कुमार, तेतरिया से कुन्दन चौरसिया और तुरकौलिया से मनीष कुमार प्रखण्ड अध्यक्ष बनाये गए है। उन्होंने बताया कि पार्टी 31अक्टूबर, 2024 को आप सब की आवाज (आसा) नाम से नई पार्टी की घोषणा की गई थी और उस समय पार्टी अध्यक्ष आर सी पी सिंह ने बताया था कि आप सबकी आवाज पार्टी राजनीतिक समावेशी बनाने और सभी तबके के लोगों को प्रतिनिधित्व में बराबर का अवसर देने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। लगभग डेढ़ महीने में ही 27 प्रकोष्ठ बन चुका है और जिलों में प्रखंड स्तर पर भी काम शुरू हो गया है।

डॉ प्रभात चंद्रा ने कहा कि आप सबकी आवाज पार्टी का संविधान पूर्ण रूप से भारतीय संविधान के मूल्य और वर्णित सिद्धांतों को अक्षरशः पालन करने वाला होगा जैसे समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, एकता, अखंडता, बंधुता बढ़ाने के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, विचार, अभिव्यक्ति और समता को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

उन्होंने कहा कि आप सबकी आवाज पार्टी का विस्तार राष्ट्रीय एवं प्रदेश से लेकर जिला प्रखंड, पंचायत, ग्राम के बूथ तक होगी, इसमें सभी समाज सभी पेशा के लोग शामिल रहेंगे।

# राज्य के हर श्रमिकों के बच्चों को मिलेगा छात्रवृति का लाभ: संतोष कुमार सिंह

**पटना (संवाददाता)।** संतोष कुमार सिंह,मंत्री, श्रम संसाधन विभाग बिहार सरकार की अध्यक्षता में बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा (संशोधित) योजना झ 2024 के अंतर्गत छात्रवृति अनुदान वितरण कार्यक्रम का आयोजन दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान, पटना में किया गया. उक्त कार्यक्रम में विभाग के विशेष सचिव राजीव रंजन, श्रमायुक्त बिहार, राजेश भारती, अपर श्रमायुक्त, आदित्य राजहंस, राजेश कुमार के साथ अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे.

बिहार राज्य श्रम कल्याण समिति के द्वारा संचालित बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना झ 2011 के तहत छात्रवृति के रूप में असंगठित क्षेत्र के कामगार / शिल्पकार के अधिकतम दो बच्चों छात्र /छात्रों को विभिन्न प्रकार के छात्रवृति अनुदान राशि भुगतान का प्रावधान है, जो राज्य के अंदर अध्ययनरत हैं. माननीय मंत्री के निदेश के आलोक में इस योजना में संशोधन करते हुए (बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा (संशोधित) योजना झ 2024) कुल 2840 छात्र / छात्राओं के बीच 1,04,05,000 रुपए मात्र छात्रवृति के रूप में वितरण किया गया. उक्त राशि को माननीय मंत्री के कर कमलों के द्वारा छात्र /छात्रों के बैंक खातों में उझळ के माध्यम से वितरित किया गया।



इसके तहत कक्षा 11वीं एवं 12 वीं में अध्ययनरत छात्र/छात्रा को प्रति वर्ष रुपये 2,500/- (दो हजार पाँच सौ रुपए की दर से एक मुश्त वार्षिक छात्रवृति, राज्य के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अध्ययनरत छात्र /छात्रा को प्रति वर्ष 5,000/- (पॉच हजार रूपए) की दर से एक मुश्त वार्षिक छात्रवृति और राज्य के सरकारी पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत छात्र/छात्रा का प्रति वर्ष 10,000 (दस हजार रूपए) की दर से एक मुश्त वार्षिक छात्रवृति राशि देय है।

उक्त अवसर पर मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कहा कि श्रम ही पूजा है, श्रमिकों के सपनों को पूरा करने में उनका सहयोग करना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है, क्योंकि श्रमिक ही किसी भी नवनिर्माण के सृजनकर्ता है। श्रमिक और श्रमिकों के बच्चों को सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक गतिविधियों में उचित सम्मान मिले ये विभाग की और मेरी व्यतिगत रूप पहली प्राथमिकता रही है।

इस प्रोत्साहन राशि के वितरण से बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और वे अपने सपनों को पूरा करने में सक्षम होंगे, साथ ही विभाग के द्वारा अन्य वित्तीय सहायता का लाभ उठाएंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि आनेवाले दिनों में राशि में वृद्धि की जायेगी, जिसके लिए मंत्री परिषद् से प्रस्ताव पर अनुमती प्राप्त करने की प्रक्रिया अपनायी जाये। इस अवसर पर श्रमिक कल्याण हेतु चलाई जा रही योजना के लिए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री जी का सहृदय धन्यवाद। उन्होंने श्रमिकों को वचन दिया कि जब तक मेरा कार्यकाल इस विभाग में रहेगा मैं आपके लिए पूरी तरह से समर्पित हूं। धन्यवाद ज्ञापन राजेश कुमार, उप श्रमायुक्त और मंच संचालन, श्रीमती नेहा आर्या, श्रम अधीक्षक के द्वारा किया गया।

# ब्रह्माकुमरीज द्वारा लगाए गए आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी की पूरे शहर में धूम

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के भैंसासूर स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र द्वारा भैंसासुर चौक पे त्रिदिवसीय आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का आज दूसरे दिन शुभ उद्घाटन किया गया ' उद्घाटनकर्ता वार्ड पार्षद (बार्ड नं 26) रीना महतो एवं रोटरी क्लब तथागत के सदस्य परमेश्वर महतो तथा ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया '




इस दौरान ब्रह्माकुमारीज बिहारशरीफ स्थानीय सेवाकेंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अनुपमा बहन ने कहा कि यह आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का दूसरा दिन है ' इस चित्र प्रदर्शनी को देखने के लिए बिहारशरीफ ही नहीं बल्कि दूर-दूर के गांव से भी लोग आ रहे हैं और परमात्मा द्वारा सिखाए जा रहे राजयोग मेडिटेशन को सीखने के लिए अपना नामांकन करवा रहे हैं' राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने प्रदर्शनी में आए हुए मुख्य अतिथि एवं अन्य भाई-बहनों को आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी के ऊपर प्रकाश डालते हुए समझाया कि,पहले स्वयं की पहचान होना अति आवश्यक है, जब हम स्वयं को जानेंगे तो ही उस परमपिता परमात्मा को भी जान पाएंगे एवं राजयोग के द्वारा उनसे जुड़ पाएंगे। कार्यक्रम में बी.के ज्योति, बी.के मीरा, बी.के रिमझिम, बी.के रवि भाई, बी.के आकाश, बी.के चंदन, बी.के विकास,बी.के राहुल, बी.के रंजीत,बी.के सोनू, बी.के हरे राम भाई एवं संस्थान के अनेक भाई-बहन उपस्थित हुए।

## किसानों के खेतों से मोटर हो रही चोरी, थाने में शिकायत

**हरनौत (नालंदा)(नवशक्ति)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के किसानों के खेतों में मोटर चोरी की घटना शुरू हो रही है। बीते रात्रि को चोर विभिन्न किसानों के खेत में लगी सिंचाई की 5 मोटर चोरी करके ले गए। चोरी की घटना से परेशान किसानों ने सोमवार को थाने पहुंचकर प्रभारी को आवेदन देकर चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। क्षेत्र के किसानों के खेतों में चोरी की घटनाएं शुरू हो गई।

पीडीत किसान सुरेंद्र पासवान , राकेश पासवान , संतोष पासवान , गोविंद पासवान समेत अन्य है।चोर खेतों से सिंचाई के पंप सहित अन्य सामग्री चोरी कर लिया।किसानों ने चोरी करने वालों का पता लगाकर कार्रवाई करने की मांग की है।एसएचओ ने चोरों का पता लगाकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## एनएनएम के साथ हुई बैठक

**हरनौत (नालंदा)(नवशक्ति)।** स्थानीय प्रखंड में स्थित कल्याण रेफरल अस्पताल परिसर सोमवार को एमओआईसी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा के निर्देशन में एएनएम के साथ बैठक हुई।बैठक में सर्वे ड्यू लिस्ट को लेकर चर्चा हुई। साथ ही नये किये गए सर्वे का सत्र बार रिपोर्ट की जांच हुई।मौके पर प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक पंकज कुमार, विश्व स्वास्थ्य संगठन के ब्लॉक मॉनिटर कमलनयन पांडे, बीएमएंडई मनोज कुमार समेत अन्य मौजूदथे।

## नालंदा में डकहा और लंगड़ी रोग से बचाव हेतु टीकाकरण अभियान शुरू

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** नालंदा जिले में पशु स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम के तहत एचएस एंड बीक्यू (डकहा और लंगड़ी) रोग से बचाव हेतु आज से व्यापक टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान पशुपालन निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अंतर्गत संचालित हो रहा है। जिला पशुपालन पदाधिकारी के नेतृत्व में प्रशिक्षित कर्मी गांव-गांव जाकर 6 माह से अधिक उम्र के गाय और भैंस जाति के पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण कर रहे हैं। डकहा रोग, जिसे गलघोंटू के नाम से भी जाना जाता है, जीवाणु संक्रमण के कारण होने वाली एक गंभीर और तेजी से फैलने वाली बीमारी है। यदि संक्रमित पशु का समय पर इलाज न हो तो उसकी मृत्यु 6 से 18 घंटे के भीतर हो सकती है। यह बीमारी अन्य पशुओं को भी संक्रमित कर सकती है। टीकाकरण इस रोग से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। पशुपालकों से अपील: टीकाकरण करवाएं जिला पशुपालन पदाधिकारी ने सभी पशुपालकों से अपने पशुओं का टीकाकरण करवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित कर्मी स्वयं पशुपालकों के घर जाकर टीकाकरण करेंगे। यह अभियान निःशुल्क है और आपके पशुओं के जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने क्षेत्रों के पशुपालकों को इस अभियान के प्रति जागरूक करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र पशु टीकाकरण से वंचित न रह जाए। अभियान का उद्देश्य इस अभियान का लक्ष्य जिले में डकहा और लंगड़ी रोग के प्रभावी नियंत्रण के साथ पशुधन को सुरक्षित रखना है। प्रशासन ने पशुपालकों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की है ताकि अभियान सफल हो सके।

## रालोमो सुप्रीमों उपेंद्र कुशवाहा का आठवें व अंतिम चरण की बिहार यात्रा सोमवार को बांका जिला में हुई संपन्न

**पटना।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष,राज्यसभा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री उपेंद्र कुशवाहा पूरे बिहार को आठ चरणों में पार्टी की सदस्यता महापर्व व बिहार यात्रा सोमवार को बांका जिला में पूरी कर ली। इस यात्रा के क्रम में श्री कुशवाहा पार्टी की मजबूती के साथ साथ 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में ठऊअ गठबंधन 225 की संख्या पार करे इसके लिए भी गठबंधन के नेताओं व जिलाध्यक्षों से सभी जिलों में बैठक कर रणनीति भी बनाई। उक्त आशय की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार प्रदेश प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा ने बताया कि पार्टी सुप्रीमों श्री उपेंद्र कुशवाहा बिहार में राष्ट्रीय लोक मोर्चा सभी 243 विधानसभा सीटों के प्रत्येक बूथ स्तर तक बूथ कमिटी को पूरी मजबूती से गठन कर रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय पटना को सौंपने का निर्देश इस ₹₹बिहार यात्रा सह सदस्यता महापर्व₹₹ के दौरान पूरे जिलों में सभी पार्टी पदाधिकारियों को दिया है। उन्होंने बताया कि जब राष्ट्रीय लोक मोर्चा बूथ स्तर तक मजबूत होगा तब ठऊअ गठबंधन को और मजबूती मिलेगी और मिशन 2025 में 225 का लक्ष्य पूरा होगा। सोमवार को बिहार यात्रा की समाप्ति होने बाद आगामी 23 और 24 दिसंबर 2024 को पटना पार्टी कार्यालय में दो दिवसीय जिला अध्यक्ष,प्रकोष्ठों के अध्यक्ष व प्रदेश पदाधिकारी जो सदस्यता अभियान में जुड़े है उनलोगों की बैठक बुलाई गई है, जिसमें दोनों दिन उक्त बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री उपेंद्र कुशवाहा मौजूद रहेंगे। बांका जिला में बिहार यात्रा के अंतिम चरण की समापन के अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष श्री मदन चौधरी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रणविजय सिंह(पूर्व विधायक),जितेंद्र नाथ पटेल,राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता फजल ईमाम मल्लिक, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष रालोमो पप्पू सिंह, राष्ट्रीय छात्र अध्यक्ष रालोमो विराट कुशवाहा, प्रदेश महासचिव सह प्रभारी अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ सुभाष सिंह चंद्रवंशी,प्रदेश उपाध्यक्ष जंगबहादुर कुशवाहा,अंगद कुशवाहा,चौधरी बसंत पटेल,नागेश्वर राय,संजीव राम,दीपक वर्मा,प्रदेश महासचिव पप्पू वर्मा,रणधीर सिंह,संकेत कुमार चंदन,रिंकू सोनी,बनारसी कुशवाहा,पंपुल सिंह,युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु पटेल,अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक राम, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष गुप्ता,महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ई0 स्मृति कुमुद,व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनंत गुप्ता,प्रदेश सचिव अभिषेक कुमार, डॉ आलोक कुशवाहा,शक्ति चंद्रवंशी आदि।

# एक दिवसीय नियोजन मेला का हुआ आयोजन, कुल 1333 अभ्यर्थियों ने डाला अपना रिज्यूम

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे द्वारा स्थानीय गांधी मैदान में एक दिवसीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात नियोजन पक्ष, श्रम पक्ष एवं प्रशिक्षण पक्ष के विभिन्न योजनाओं से संबंधित लाभुकों को टूल किट, स्टडी किट, के.बाई.पी. सर्टिफिकेट सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित श्रमिक एवं असंगठित मजदूर एवं उनके श्रमिकों को चेक वितरित किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा नियोजन मेला में मौजूद युवक/युवतियों को रोजगार प्राप्त करने एवं विभागीय योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु प्रोत्साहित एवं मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने



सभी अभ्यर्थियों से अपील किया कि ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर प्राप्त कर लौटे। जिला पदाधिकारी द्वारा संबोधन में बताया गया कि बिहार सरकार के प्रगतिशील सोच को सार्थक तौर पर एवं व्यावसायिक रूप एवं आयाम देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिले के अधिक बेरोजगारों को लाभ मिल सके।

वहीं जिला नियोजन पदाधिकारी आकृति कुमारी द्वारा बताया कि गांधी मैदान में जिला स्तरीय एक दिवसीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें लगभग 2112 अभ्यर्थियों ने भाग लिया गया, कुल 1333 अभ्यर्थियों ने 25 कम्पनियों के यहां बायोडाटा दिया गया, जिसमें 406 अभ्यर्थियों को परीक्षा/साक्षात्कार/ अगले दौर के लिए शार्टलिस्ट किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय एक दिवसीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला में बीआरसीसी, श्रम विभाग, जीविका, आर.से.टी., आई.टी.आई., कुल 05 विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया गया और अभ्यर्थियों को अपने अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। उक्त नियोजन मेला में सफल बनाने के लिए जिला नियोजन पदाधिकारी सुश्री आकृति कुमारी, जिला कौशल प्रबंधक श्री संतोष कुमार, जिला कौशल विकास विशेषज्ञ श्री नवीन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## बेन प्रखंड के सौरे गांव में नाले और पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन



**संजय कुमार**

**बिहारशरीफ।** बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने आज नालंदा जिले के अपने निर्वाचन क्षेत्र के बेन प्रखंड स्थित सौरे गांव में विकास कार्यों का उद्घाटन किया। सांसद क्षेत्र विकास योजना के तहत 4.60 लाख रुपये की लागत से बने नाले का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना से 5 लाख रुपये की लागत से नाले के बगल में पीसीसी ढलाई कार्य के लिए धन स्वीकृत किया गया है। मंत्री ने कहा कि इन कार्यों के पूरा होने से गांव में जल निकासी की समस्या का समाधान होगा और ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। इससे स्वच्छता और स्वास्थ्य में भी सुधार होगा।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि गांवों में शहरों जैसी सुविधाएं मिलने से ग्रामीण गरीब शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं, जिससे गांवों से भी प्रतिभाशाली व्यक्तित्व उभर रहे हैं। इस अवसर पर जदयू के बेन प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार पटेल, पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार, पूर्व मुखिया विनय कुमार, बेन पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू कुमार, ओमप्रकाश, और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# योग दिवस के रूप में हिलसा वासियों ने मनायी स्वामी सत्यानन्द की जयंती

**बिहारशरीफ (नवशक्ति)।** नियमित योग अभ्यास करने से शरीर की कई बीमारियाँ बिना दवा के ठीक की जा सकती हैं । जो योग करते रहते हैं उनका न केवल शारीरिक विकास होता है बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति मजबूत बनता है ।

ये बातें सोमवार को सत्यम नगर स्थित संस्कृति वैली के सभागार में आयोजित स्वामी सत्यानन्द की जयंती पर वक्ताओं ने व्यक्त की ।




कार्यक्रम की अध्यक्षता योगाचार्य प्रो . लाल बिहारी सिंह ने की जबकि मंच का संचालन शिक्षाविद मृत्युंजय कुमार ने किया . करें योग , रहें निरोग विषय पर संगोष्ठी भी आयोजित की गई जिसका शुभारंभ नगर परिषद हिलसा के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार , पूर्व प्राचार्य डा. परमानंद पंडित एवं समाजसेवी डा. आशुतोष कुमार मानव ने संयुक्त रूप से किया . इस अवसर पर श्री कुमार ने कहा कि स्वामी सत्यानन्द ने अपना पूरा जीवन योग को समर्पित कर दिया था . उन्होंने योग के कई आयाम गढ़े जिसका लाभ आज पूरी दुनिया ले रहा है . घर घर योग के फायदे पहुँचाने वाले सत्यानन्द तो आज नहीं हैं लेकिन उनका संदेश निरंतर मानव समुदाय को सदा प्रेरित करता रहेगा . इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी शामिल हुए तथा योग को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया । मौके पर योगाचार्य डा. संजय कुमार , मृत्युंजय कुमार, राजेश कुमार, राम कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे .

# सेवानिवृत्त पंचायत सचिव ओमप्रकाश सिसोदिया को दीं गई सम्मानपूर्वक विदाई

**करायपरसुराय (नालंदा) (नवशक्ति)।** प्रखंड के करायपरसुराय पंचायत सरकार भवन में सोमवार को एक गरिमामय समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त पंचायत सचिव ओमप्रकाश सिसोदिया को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत मुखिया प्रतिनिधि खालिद अहमद ने की। समारोह में बीडीओ विशाल आनंद और बीपीआरओ पंकज कुमार सिंह सहित सहकर्मियों और जनप्रतिनिधियों ने ओमप्रकाश सिसोदिया को फूलमालाओं से सम्मानित किया और उपहार भेंट किए। ईमानदारी और समर्पण का उदाहरण रहे सिसोदिया इस अवसर पर बीडीओ विशाल आनंद ने कहा, ₹सरकारी सेवा में पदभार ग्रहण करने के साथ ही सेवानिवृत्ति का दिन भी तय होता है। ओमप्रकाश सिसोदिया ने अपनी सेवा के दौरान ईमानदारी और कर्मठता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। बीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने प्रखंड के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मकरौता पंचायत के मुखिया सत्येंद्र कुमार ने कहा, ₹ओमप्रकाश सिसोदिया के साथ मिलकर हमने पंचायत के विकास में कई कार्य किए। वे हर चुनौती में खरे उतरे हैं। सेवानिवृत्त सचिव ने जताया आभार ओमप्रकाश सिसोदिया ने अपने संबोधन में सभी अधिकारियों और सहकर्मियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा,सहकर्मियों और जनता के सहयोग से कार्य करना आसान रहा। यहां से मिले सम्मान और समर्थन को कभी भुलाया नहीं जा सकता। समारोह में कई गणमान्य उपस्थित समारोह में सांध पंचायत के मुखिया वीरेंद्र प्रसाद, प्रखंड नाजिर प्रवीण कुमार, पंचायत सचिव रणजीत पासवान, लेखापाल निशांत कुमार, कार्यपालक सहायक उपेंद्र कुमार, सूर्यदीप कुमार, दीपक कुमार, महेंद्र प्रसाद समेत अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।




# तेजस्वी यादव की योजनाओं से विपक्ष में घबराहट: राजद प्रवक्ता

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिला प्रवक्ता पप्पू यादव और दीपक कुमार सिंह ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की ₹मां-बहन सम्मान योजना₹ की घोषणा को विपक्ष के लिए चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि इस योजना से विपक्षी दलों में खलबली मच गई है।

**जदयू पर साधा निशाना:** राजद प्रवक्ताओं ने जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) अब अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने दावा किया कि बिहार की राजनीति में जदयू का कोई प्रभाव नहीं बचा है, और आगामी अप्रैल तक पार्टी के कई टुकड़े हो जाएंगे।

प्रवक्ताओं ने कहा, आज जो जदयू पार्टी अस्तित्व में दिख रही है, वह आदरणीय लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव की कृपा से ही संभव हुआ है। भाजपा ने कई बार जदयू को खत्म करने की कोशिश की, लेकिन दोनों बार लालू यादव ने इसे बचाया।

**ललन सिंह पर तीखा हमला:** केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राजद प्रवक्ताओं ने कहा कि ललन सिंह ने नैतिकता खो दी है और उन्हें राजनीति से संन्यास




ले लेना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि ललन सिंह अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुश करने के प्रयास में अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।

तेजस्वी यादव के कार्यकाल की सराहना राजद प्रवक्ताओं ने तेजस्वी यादव के उपमुख्यमंत्री कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा:17 महीने में 5 लाख सरकारी नौकरियां दी गईं।

नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा मिला।

तालिमी मरकज कर्मियों और आंगनबाड़ी सेविकाओं का वेतन बढ़ा। ऐतिहासिक जातीय जनगणना पूरी हुई। आरक्षण का दायरा बढ़ाया गया।

गांधी मैदान को नौकरी मैदान के रूप में पहचान मिली।

अपराधियों को लेकर नीतीश कुमार पर निशानाराजद प्रवक्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कभी उनके शासन में अपराधी उनके ₹नाक के बाल₹ माने जाते थे। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब तेजस्वी यादव में भरोसा रखती है और आगामी चुनाव में उनके नेतृत्व में एक मजबूत सरकार बनेगी।

बिहार के भविष्य के लिए तेजस्वी यादव पर भरोसा

राजद प्रवक्ताओं ने कहा कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने जनता से अपील की कि वे तेजस्वी यादव का समर्थन करें ताकि राज्य में एक सशक्त और विकासशील सरकार बन सके।

नव शक्ति समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुद्रक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालय: कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामी: जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बर: 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# बोकारो स्टील प्लांट के द्वारा हैप्पी स्ट्रीट कार्निवल उत्सव मनाया गया, नगरवासी झूमे

**निर्मल महाराज**

**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगरी में रविवार को हैप्पी स्ट्रीट कार्निवल उत्सव के तरह बोकारो एवं आसपास के नगर वासियों का सपना साकार हुआ. बोकारो के लोगों को एक्टिव बोकारो-हेल्दी बोकारो इन के तहत महानगरों के तर्ज पर बोकारो में हैप्पी स्ट्रीट की शुरूआत की है. इसके शुरूआत होने से बोकारोवासी खुशी से झूम उठे. बीएसएल प्रबंधन के इस सार्थक पहल की बोकारोवासियों ने खुले दिल से सराहना की है.विदित हो कि बोकारो स्टील सिटी को देश का ग्लोबल एक्टिव पार्टनर सिटी का दर्जा मिला हुआ है. इसी पृष्ठभूमि में बोकारो स्टील प्रबंधन की ओर से स्वास्थ्य और फिटनेस एवं खुशियों के लिए जनभागीदारी द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. इसी कड़ी में बीते दिन रविवार को गांधी चौक से पत्थर कट्टा चौक तक एक तरफ इस सड़क को हैप्पी स्ट्रीट बनाया गया है, जिसमें हर रविवार के दिन सुबह 7.30 से 10 बजे तक यातायात का आवागमन बंद रहेगा.




हैप्पी स्ट्रीट पर यातायात का आवागमन बंद होने से बोकारोवासी इसका इस्तेमाल जोगिंग, वाकिंग, व्यायाम, साइकिलिंग या स्वास्थ्य व फिटनेस से जुड़े कोई भी एक्टिविटी के लिये कर सकेंगे. जिसके लिए गांधी चौक से बोकारो मॉल सेक्टर तीन तक एक तरफ का सड़क यातायात के लिए सुबह दो घंटे बंद किया गया. हैप्पी स्ट्रीट के उद्घाटन समारोह में बोकारोवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया.

हैप्पी स्ट्रीट के उद्घाटन समारोह में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी, बीएसएल के अधिशासी निदेशकों की टीम, सीईओ-बीपीएससीएल अन्य संस्थाओं के अधिकारी-कर्मी, सैकड़ों की संख्या में बोकारोवासी, विभिन्न स्कूलों की टीमें, रोटरी और लायंस क्लब, महिला समिति, अन्य संगठन, बच्चे, नौजवान व वृद्ध उपस्थित थे.कार्निवाल जैसे माहौल के बीच स्केटिंग, योगा, डांसिंग, पेंटिंग, संगीत, विभिन्न प्रकार के खेल, फिटनेस की एक्टिविटी पूरा हैप्पी स्ट्रीट का माहौल खुशनुमा बना रहा. सेल्फी प्वाइंट कर लोगों ने खूब फोटो खिंचाई. कुल मिलाकर इस आयोजन में नगर वासियों की बड़ी संख्या में भागीदारी से कार्यक्रम सफल रहा.



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ नेशनल वॉर मेमोरियल में 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध के नायकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

## छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना अमानवीय और घोर निंदनीय: बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज रांची में झारखंड पुलिस द्वारा राज्य सरकार के इशारे पर हुए बर्बर लाठीचार्ज की कठोर भर्त्सना की।श्री मरांडी ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का विरोध करने वाले छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना अमानवीय और निंदनीय है।राज्य सरकार लाठी डंडे से लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध का समाधान निकालने की बजाय लाठी और हिंसा के सहारे दमन करने की यह कोशिश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की छात्रों, बेरोजगारों के प्रति संवेदनहीनता को उजागर करता है। कहा कि आज लाठी केवल छात्रों पर नहीं चली है, बल्कि सरकार से न्याय की उम्मीद पर भी प्रहार है। कहा कि हेमंत जी, अपनी हठधर्मिता और अहंकार त्याग कर आंदोलन करने वाले गरीब, मेहनती छात्रों की मांग पर संवेदनापूर्वक विचार करें। वे सीजीएल परीक्षा को अपनी नाक, अपनी प्रतिष्ठा का मुद्दा नहीं बनाएं और छात्रहित में सीबीआई जांच की सिफारिश कर गतिरोध समाप्त करें।

## पटना पुस्तक मेला मे ज्ञान निकेतन के बच्चों प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**पटना।** पटना के ऐतिहासिक गाँधी मैदान में सेंटर फॉर रीडरशिप डेवलपमेंट द्वारा आयोजित तथा लोक गायिका पद्म भूषण शारदा सिन्हा एवं पद्मश्री से सम्मानित लेखिका उषा किरण को समर्पित पुस्तक मेला के आज सांस्कृतिक कार्यक्रम के ज्ञान निकेतन के बच्चों के द्वारा संगीतमय प्रस्तुति की गई. बच्चों ने सबसे पहले शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि देते हुए छोटे छोटे बच्चों ने नृत्य संगीत के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी.

## मारपीट मामले में दो पक्षों में केस

**बोकारो।** सेक्टर चार सिटी सेंटर में होमगार्ड जवान द्वारा शनिवार को चाकूबाजी की घटना में रविवार को दोनो पक्षों के दिए आवेदन पर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया गया है ।संतोष कुमार सिंह ने असीम ,विक्कू सहित उसके अन्य साथियों पर चाकू से वार करने और मारपीट कर घायल करने का मामला दर्ज करवाया गया है ,दूसरे पक्ष विक्रम कुमार ने नशे में धुत गार्ड जवान संतोष कुमार सिंह पर चाकू से घायल करने का मामला दर्ज करवाया गया है ।

## पारिवारिक विवाद में दुधमुंहे बेटे को ले तालाब में कूदी मां

**बोकारो।** बीते दिन रविवार की सुबह एक महिला ने अपने आठ माह के बेटे को लेकर बनसीमली गांव के तालाब में छलांग लगा दी ।तालाब में स्नान कर रहे ग्रामीणों ने किसी तरह मां और बच्चे को तालाब से बाहर निकाला ,तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी ।बालीडीह पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनो को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया ,जबकि महिला को बेहतर इलाज के लिए बी जी एच रेफर किया गया , जहां महिला की स्थिति नाजुक बताई गई है ।जानकारी के मुताबिक महिला रिहायशी इलाका को ऑपरेटिव कॉलोनी की रहने वाली है ।पुलिस मामले की जांच में फिलहाल जुट गई है ।बताया जा रहा है की उक्त महिला डिप्रेशन में थी ।महिला की शादी करीब 15 वर्ष पूर्व हुआ था ।वह अपने पति के साथ ही रहती थी ,बताया जा रहा है की पारिवारिक विवाद के कारण ही घटना घटित हुआ है ,फिलहाल पूरे मामले की जांच में पुलिस जुट गई है ।

## औने पौने दाम पर धान खरीदने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई - मंत्री योगेंद्र

**कसमार।** सूबे के पेय जलापूर्ति एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो बीते दिन रविवार को कसमार प्रखंड के हिसिम में मार्केट सेंटर भवन का शिलान्यास व हिसीम पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा की किसानों से औने पौने दाम पर धान खरीदकर बाहर की मंडियों में बेचने वालो बिचौलिया पर सख्त करवाई की जाएगी ।मंत्री ने क्षेत्र के अधिक से अधिक किसानों को पैक्स के माध्यम से सरकार को धान बेचने की अपील की । पैक्स के माध्यम से धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपए प्रति क्विंटल एवं राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त 100 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है ।किसानों को उचित दाम व सम्मान मिल रहा है ।

## पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह सम्पन्न



**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह बिहार के राज्यपाल के नेतृत्व ने सम्पन्न हुआ। मौके पर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में पहली बार 04 पी एच डी धारकों को उपाधि प्रदान की गई। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का सबसे पहली उपाधि इतिहास विभाग में कुंदन कुमार सिंह को प्रदान की गई। कुंदन कुमार सिंह ने राम कृष्ण द्वारिक महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जगन्नाथ प्रसाद के अंतर्गत शोध कार्य को सम्पन्न किया है। विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव की बात है। महामहिम में मौके पर कुंदन कुमार उनके शोध विषय पर चर्चा की और उन्हें भविष्य के लिया बधाई दिया।

# खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आहूत

**दुमका / प्रियव्रत झा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि खनन विभाग की समीक्षा प्रत्येक माह की जाती है, इसलिए यह आवश्यक है कि सभी अधिकारी गंभीरता पूर्वक अपने कार्यों का निष्पादन करें। इस दौरान उन्होंने अब तक की गई कार्रवाई को लेकर परिवहन विभाग, खनन विभाग, प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों से समीक्षा की तथा सघन कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें एवं अवैध कारोबारियों पर पैनी नजर रखते हुए कार्रवाई करें।उपायुक्त ने जिले में कोयला,बालू,पत्थर के अवैध कारोबार पूर्णत रोक लगाने के लिए सभी अंचलाधिकारी को नियमित क्षेत्रों में जांच करने एवं वाहनों को सख्ती से जांच करने को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान उपायुक्त यह भी निर्देशित किया जहां भी अवैध तरीके से कोयला,बालू एवं पत्थर खनन करने को लेकर अवैध कारोबारियों के द्वारा बनाए गए गड्ढे पर अविलंब जेसीबी से भरवाना सुनिश्चित करें एवं इसी रिपोर्ट समर्पित करवाऐं। पुलिस अधिकारियों को अपने क्षेत्र का लगातार निरीक्षण करने का निर्देश दिया।




बालू घाटों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि कैटकरी 1 बालू घाट का संचालन किया जा रहा है, वही कैटकरी 2 बालू घाट के संचालन को लेकर प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। जबकि 6 बालू घाटों में बालू उठाव को लेकर कार्रवाई की जा रही है,जिस पर उपायुक्त ने खनन एवं प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय निदेशक को अविलंब सभी बालू घाटों की संचालन में आ रही समस्या का निराकरण करते हुए आरंभ करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले के विकास कार्य में बालू बाधक नहीं बने अधिकारी इसे सुनिश्चित करें एवं जिले में बालू की कमी नहीं हो इसका ख्याल रखें।

## छात्रों पर लाठीचार्ज करना लोकतांत्रिक व्यवस्था में शुभ संकेत नहीं : विजय शंकर नायक

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने आज जेएससीए सीजीएल- परीक्षा में पास छात्रों के डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन नहीं होने देने का विरोध करने जेएससीए कार्यालय पर विरोध करने पहुँचे छात्रो पर लाठीचार्ज करना एंव छात्र नेता देवेन्द्र को पुलीस द्वारा अमानवीय तरीके से घसीट कर गिरफ्तारी करने पर अपनी प्रतिक्रिया मे कही ।इन्होने आगे कहा कि बराबर चाहे भारतीय जनता पार्टी की सरकार हो या जेएमएम की सरकार लोकतांत्रिक शांतिपूर्ण विरोध करने पर लाठीचार्ज करना अनिवार्य हो गया है जो लोकतंत्र के लिए घातक है ।

श्री नायक ने आगे कहा कि एक जनप्रतिनिधि को एंव आन्दोलन रत छात्रो को बर्बर तरिके से इस तरह पुलिसीया कारवाई करना पुलिस को शोभा नही देता है जिसका मंच कड़े शब्दो मे इसकी निन्दा करता है और हेमंत सरकार से मांग करता है कि बदमिजाज पुलिस पदाधिकारी पर तुरंत कार्रवाई करे ।

श्री नायक ने यह भी कहा की पेपर लीक होने एंव परीक्षा मे धांधली, गड़बड़ी की शुरूआत भाजपा के मुख्य मंत्री बाबूलाल मरांडी के कार्यकाल मे ही श्री गणेश किया गया था ।घोटाला की बात की जाय तो जेपीएससी घोटाले के दौरान बाबूलाल मरांडी की ही सरकार थी और बाबु लाल मरांडी द्वारा लगाये गये भ्रष्टाचार रुपी बीज आज विशाल कायम पेड़ बन चुका है इसलिए बाबूलाल मरांडी को जेएसएससी-सीजीएल या जेपीएससी पर बोलने का नैतिक अधिकार नही है । भाजपा के कार्यकाल मे सबसे ज्यादा मेघा घोटाले हुए अब उस पारीपाटी को हेमन्त सोरेन सरकार बड़ा रही है।

## बीपीएससी अभ्यर्थियों पर कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण

**पटना।** राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बीपीएससी अभ्यर्थियों पर कार्रवाई करने के निर्णय को लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। ज्ञातव्य है कि पटना जिला प्रशासन द्वारा बीपीएससी परीक्षा का वहिष्कार करने वाले अभ्यर्थियों के खिलाफ कार्रवाई करने और उन पर हत्या का मुकदमा करने की बात कही गई है।

राजद प्रवक्ता ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक हुआ या नहीं यह तो जांच का विषय है और किसी निष्पक्ष एजेंसी द्वारा हीं जांच होनी चाहिए। कदाचार मुक्त परीक्षा कराने की जिम्मेदारी प्रशासन और बीपीएससी की थी और जांच की जिम्मेदारी और कार्रवाई का अधिकार भी उन्हें हीं दिया जाना कहां का न्याय है।

राजद प्रवक्ता ने कहा कि यह बात तो प्रशासन भी स्वीकार कर चुकी है कि बहुत से अभ्यर्थियों को डेढ़ घंटे बाद में प्रश्न पत्र दिए गए साथ हीं यह बात भी सामने आ चुकी है कि प्रश्नपत्र के किसी बंडल में प्रश्न पत्रों की संख्या कम थी। और भी कई सवाल अभ्यर्थियों द्वारा उठाए गए हैं। इन सब की न्यायोचित जांच होनी चाहिए। बिहार में पिछले अधिकांश प्रतियोगी परीक्षाओं और सामान्य परीक्षाओं में भी प्रश्न पत्र लीक हुए हैं और अन्य कई प्रकार से कदाचार के मामले प्रकाश में आए हैं। इसलिए बीपीएससी अभ्यर्थियों के मन में शंका होना तो स्वाभाविक है।

राजद प्रवक्ता ने कहा कि परीक्षा केंद्र के सहायक केन्द्राधिक्षक की मृत्यु काफी दुखद है। संभव है समय पर यदि उनका समुचित इलाज होता तो उनकी जान बच सकती थी। यह काफी मर्माहत करने वाली बात है कि सड़क जाम की वजह से उनका समय पर इलाज नहीं हो सका ।

## बाजार के दबाव ने हमारे गांवों को सिनेमा से बाहर निकाला : प्रशांत रंजन

**पटना।** पटना पुस्तक मेले में चल रहे दस दिवसीय फिल्मोत्सव 'सिनेमा-उनेमा बाकरगंज' के अंतिम दिन सोमवार को फिल्म अभिनेत्री संगीता रमण को सम्मानित किया गया। पटना पुस्तक मेला के संयोजक अमित झा, कार्यक्रम के प्रथम दर्शक बिहार म्यूजियम के अपर निदेशक डॉ अशोक कुमार सिन्हा, पद्मश्री ब्रह्मदेव राम पंडित और पद्मश्री अशोक बिस्वास ने अभिनेत्री को प्रशस्ति-पत्र, प्रतीक चिह्न, पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिनेत्री ने पिछले 20 वर्षों से जारी अपनी फिल्मी यात्रा की चर्चा की। मुख्य वक्ता फिल्म समीक्षक प्रशांत रंजन ने 'सिनेमा से गायब होते गांव' विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा मुख्य धारा के बाजार आधारित सिनेमा उद्योग ने हमारे गांव को अपने फ्रेम से बाहर निकाल दिया है। यह विडंबना ही है जहां तीन-चौथाई दर्शक ग्रामीण समाज से आते हैं, वहां गांव आधारित फिल्मों की संख्या दस प्रतिशत से भी कम हैं। नई सदी में तो ग्रामीण पृष्ठभूमि पर बनी फिल्में अंगुलियों पर गिनाई जा सकती हैं, जबकि इसके बदले में जो हमें परोसा जा रहा है, उससे हम कनेक्ट नहीं हो पा रहे हैं। यही कारण है कि नकली गांव दिखाने वाले 90 प्रतिशत भोजपुरी फिल्में हर साल फ्लॉप हो रही हैं। मुट्ठी भर लोग मिलकर यह तय करना चाह रहे हैं कि हिंदी पट्टी के 80 करोड़ सिनेमा प्रेमी अपना मनोरंजन कैसे करें? आज सुधि सिनेमा प्रमियों द्वारा फिल्मकारों को यह संदेश दिया जाना चाहिए कि हमारा मनोरंजन हमारी तरह की फिल्मों से होना चाहिए। उन्होंने हिंदी के मुकाबले दक्षिण की फिल्मों का तुल्नात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया कि हाल में ग्रामीण पृष्ठभूमि पर बनीं दक्षिण की कर्णन, कांतारा, तिथि या असम की विलेज रॉकस्टार्स को न केवल दर्शकों का भरपूर प्यार मिला, बल्कि इन फिल्मों राष्ट्रीय पुरस्कार समेत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना भी मिलीं। इसके विपरीत हिंदी के फिल्मकारों ने परायी कहानी के संवादों में अंग्रेजी ठूंसकर अपना दायरा संकीर्ण कर लिया है। इससे उबरना होगा। उन्होंने 50 व साठ के दशक की हिंदी फिल्मों की चर्चा की और कहा कि बिहार के गांव को प्रामाणिकता से दिखाने वाली किसी फिल्म का नाम पूछा जाए, तो हमें 'तीसरी कसम' की ही याद आती हैं। फिर हम 'नदिया के पार' को यादकर अतीत को जीने लगते हैं। लेकिन, वर्तमान सिनेमा संसार में गांव लगभग गायब है। 21वीं सदी में हालांकि लगान व स्वदेश से लेकर मालामाल वीकली व पीपली लाइव तक में भारत का ग्राम्य जीवन दिखा है। हाल के दिनों में भी नील माधव पांडा की कड़वी हवा, विशाल भारद्वाज की पटाखा व किरण राव की लापता लेडीज में गांव दिखे। लेकिन, जिस देश में 300 से अधिक हिंदी फिल्में हर साल बनती हों, वहां यह संख्या ऊंट के मुंह में जीरा के समान है।

इससे पूर्व पटना पुस्तक मेला के संयोजक अमित झा ने कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रशांत रंजन को प्रतीक चिह्न, तुलसी पौधा आदि देकर सम्मानित किया। इस दौरान फिल्म 'पक्षीराज गरुड़' दिखायी गई। कार्यक्रम का संयोजन मंच संचालन अभिनेता व रंगकर्मी कुमार रविकांत ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय वरीय रंगकर्मी नीलेश्वर मिश्र, सुमन कुमार, मिथिलेश सिंह, फिल्म समीक्षक डॉ. कुमार विमलेंदु सिंह, दिव्या गौतम, समाजसेवी सुजीत सुमन समेत जनसंचार के विद्यार्थी एवं सिने प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# 26 दिसंबर को प्रखंड से लेकर प्रदेश स्तर तक गांधी जी के विचारों को प्रचारित प्रसारित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा : केशव महतो कमलेश

**रांची।** गौतम अडानी और उनके सहयोगियों पर अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लगाये गये आरोप से भ्रष्टाचारी धोखाधड़ी और छल की जालसाजी का पदार्फाश हुआ है। मणिपुर निरंतर हिंसा गोलीबारी कर्फ्यू और अराजकता के अभूतपुर्व संकट का सामना कर रहा है, यहां के नागरिक अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं। अदानी मुद्दे पर संसदीय चर्चा से बचना और मणिपुर मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार की चुप्पी एक चिंता जनक संकेत है प्रधानमंत्री द्वारा अभी तक मणिपुर का दौरा नहीं करना यह हैरानी की बात है।

इन मुद्दों पर देशव्यापी आंदोलन का आहवान कांग्रेस द्वारा किया गया है। इसी क्रम में शहीद स्थल रांची से राजभवन तक राजभवन मार्च का आयोजन किया गया है। उक्त घोषणा संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने करते हुए कांग्रेस के आगामी कार्यक्रमों की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि चुनावी समीक्षा तथा कार्यकताओं का आभार जताने हेतु 21 दिसंबर को आभार समागम का आयोजन किया गया है। महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित होने के 100 वर्ष पूर्ण होने पर 26 दिसंबर को प्रखंड से लेकर प्रदेश स्तर तक गांधी जी के विचारों को प्रचारित प्रसारित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रदेश कार्यालय में गांधी जी से जुड़े तथ्यों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर 28 दिसंबर को कार्यक्रमों के आयोजन हेतु जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है। राज भवन मार्च हेतु तैयारी लगभग पूर्ण हो गई हैं।गांधी जी के अध्यक्ष के कार्यकाल के शताब्दी समारोह के अवसर पर 27 दिसंबर को बेलगाम में रैली का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी सांसद,कार्य समिति सदस्य,प्रदेश अध्यक्ष,विधायक दल नेता एआईसीसी डेलीगेट शामिल होंगे।




सीजीएल मुद्दे पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार छात्रों युवाओं के लिए चिंतित रहती है। मुख्यमंत्री ने सीआईडी जांच के आदेश दे दिए हैं,छात्रों को ज्यादा उग्र होने की आवश्यकता नहीं है। सरकार उनको रोजगार देना चाहती है ऐसी परिस्थितियों में वार्ता के माध्यम से सारी बातों को सुलझाया जा सकता है। सरकार कटिबद् है रोजगार हेतु, इस मामले में हम बहुत संवेदनशील हैं। कांग्रेस विधायक दल उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि हमारी सरकार ने भाजपा के कुशासन में हुए कार्यों को पाटने का कार्य किया है,चाहे जेपीएससी का मामला हो या चाहे रोजगार का भाजपा की सरकार ने कभी रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में काम नहीं किया। भाजपा के शासन में जितनी भी नियुक्तियां हुई सभी नियुक्तियां न्यायालय में लंबित नजर आती है,सभी विवाद में पड़े हैं।सीजीएल मामले में मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगर कदाचार हुआ है तो प्रमाण भी देना चाहिए सिर्फ अभियान नहीं चलाना चाहिए। सीआईडी जांच करने का फैसला लिया गया है, अभी हम विभिन्न क्षेत्रों के खाली पदों को भरने जा रहे हैं छात्रों से अनुरोध है कि बहकावे में नहीं आए। छात्रों युवाओं का भविष्य हमारी सरकार में सुरक्षित है भाजपा के बहकावे में नहीं आए सीबीआई जांच के मुद्दे पर उन्होंने कहा की हमे अपनी जांच एजेंसियों पर पूरा भरोसा है ।एन एच जाम होने से रोकने के लिए छात्रों को हटाया गया। आंदोलन शांतिपूर्ण नहीं था बल्कि छात्र बहकावे में उग्र हो रहे थे।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू ने कहा कि इस परीक्षा के मामले में सरकार शुरू से संवेदनशील है। छात्रों को भविष्य की चिंता करनी चाहिए सरकार पूरी संजीदगी से छात्रा युवाओ के लिए फिक्रमंद है।

संवाददाता सम्मेलन में पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर,मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा अध्यक्ष सतीश पॉल मुजनी,सोनाल शांति,रियाज अंसारी,शकील अहमद भी उपस्थित थे।